# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, (उत्तराखंड)

कुलसचिव कार्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा –263601

कुलसचिव

www.ssju.ac.in e-mail-registrarssju@gmail.com

पत्रांक : SSJU/मा0/2026–27/2330 दिनांक– 08/09/2026

सेवा में,

कुलसचिव,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल एवं
श्री देव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल।
समन्वयक बी0एड0,प्रवेश परीक्षा।

**विषय – बी0एड0 एवं एम0एड0 सत्र 2026–28 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ किए जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में आपको अवगत कराना है, कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय द्वारा **राज्य स्तरीय बी0एड0 एवं एम0एड0 –2026** प्रवेश प्रक्रिया में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सत्र 2026–28 में प्रवेश दिए जाने हेतु दिनांकः 09.09.2026 से समर्थ पोर्टल पर अपराह्न 12.00 बजे से अभ्यर्थियों को आवंटन पत्र निर्गत किए जाने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना आवंटन पत्र समर्थ पोर्टल से डाउनलोड कर आवंटित किए गए संस्थान में दिनांकः 10.09.2026 से 16.09.2026 तक अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। राज्य के समस्त बी0एड0 एवं एम0एड0 संस्थान आवंटन पत्र के अनुसार अपने संस्थान में अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे एवं प्रवेश के समय अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का गहन निरीक्षण कर प्रवेश की प्रक्रिया संपादित करेंगे। दस्तावेजों में भिन्नता पाए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी को प्रवेश न दिया जाए।

अतः आपसे सादर निवेदन है कि आप अपने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 एवं एम0एड0 के संस्थानों को अपने स्तर से उक्त कार्य को संपादित किए जाने हेतु सूचना प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

भवदीय,

कुलसचिव

Registrar
Soban Singh Jeena University
Almora-263601, (Uttarakhand)

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून के सूचनार्थ ।
2. वैबसाइट प्रभारी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को बैबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
3. संपादक अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, सहारा टाइम्स को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. श्री अभिषेक पटेल, नोडल समर्थ नई दिल्ली।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव

Registrar
Soban Singh Jeena University
Almora-263601, (Uttarakhand)